प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 26.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर बने दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता, अमेरिकी एजेंसी के ताजा सर्वे में मिली 68 प्रतिशत रेटिंग, दुनिया के बाकी नेता काफी पीछे।
2. राज्यभर में रामनवमी का उल्लास चरम पर, रांची में आज निकाली जा रही हैं आकर्षक झांकियां, कल कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली जायेगी मुख्य शोभायात्रा।
3. देवघर में प्रमंडल के पहले आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन, अब आधार नामांकन और सुधार के लिए नहीं भटकेंगे लोग।
4. राज्य में 31 मार्च तक बारिश और वज्रपात की आशंका, कल 60 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी, येलो अलर्ट जारी।
5. रांची के जेएससीए स्टेडियम को मिली डबल बोनांजा की सौगात, अक्टूबर में भारत–वेस्टइंडीज टी–20 और अगले साल ऑस्ट्रेलिया के साथ टेस्ट मैच।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में स्थान दिया गया है। अमरीकी डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा किए गए नवीनतम वैश्विक सर्वेक्षण में उन्हें 68 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है। 2 से 8 मार्च के बीच किए गए इस सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से काफी आगे हैं। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय परमेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे–म्यंग दूसरे स्थान पर हैं। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रम्प को 39 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग मिली और वे शीर्ष दस में शामिल नहीं हो सके।

******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में रामनवमी का उत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रांची में आज आकर्षक झांकियां निकाली जा रही हैं। रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में मुख्य शोभायात्रा कल निकाली जाएगी। धनबाद और बोकारों में भी शोभायात्रा को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

******************

इधर, हजारीबाग में रामनवमी के लिए पुलिस ने अभेद्य सुरक्षा चक्र तैयार किया है। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि इस बार 107 अखाड़ों की निगरानी जीपीएस और गूगल मैप से की जाएगी। सुरक्षा के लिए 5 हजार जवान, ड्रोन और नाइट विजन दूरबीन तैनात रहेंगे।

******************

रांची में कल रामनवमी की शोभायात्रा और सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा एक साथ होने पर प्रशासन हाई अलर्ट पर है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए विशेष वैकल्पिक मार्ग बनाए गए हैं। उपायुक्त ने छात्रों से समय से पहले निकलने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

******************

चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर रजरप्पा के सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिके मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर न्यास समिति ने पंचवटी में भंडारे और सुगम दर्शन की विशेष व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं ने मंदिर में की गयी व्यवस्था की सराहना की।

******************

संथाल परगना के निवासियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। देवघर में प्रमंडल के पहले आधार सेवा केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। सांसद निशिकांत दुबे की उपस्थिति में शुरू हुए इस केंद्र से अब स्थानीय लोगों को आधार नामांकन और सुधार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इससे देवघर समेत आसपास के जिलों को बड़ी राहत मिलेगी।

******************

केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति की पुष्टि करते हुए किल्लत की खबरों को भ्रामक बताया है। मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास 60 दिनों का सुरक्षित स्टॉक उपलब्ध है और

रिफाइनरियां शत–प्रतिशत क्षमता पर कार्य कर रही हैं। जमाखोरी रोकने के लिए वाणिज्यिक सिलेंडरों का आवंटन 50 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है।

*****************

कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने झारखंड की कानून–व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। रांची प्रेस क्लब में उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों के खौफ से व्यावसायी असुरक्षित हैं और संगठित अपराध को पुलिस का संरक्षण मिल रहा है।

*****************

धनबाद कोर्ट परिसर को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद जांच अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस और डॉग स्क्वाड ने पूरे परिसर की सघन तलाशी ली, हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उधर, साहिबगंज व्यवहार न्यायालय को भी आज ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही डीसी हेमंत सती और एसपी अमित कुमार सिंह ने न्यायालय परिसर को खाली कराकर सघन तलाशी शुरू करवाई। साइबर सेल ईमेल की जांच में जुट गयी है। उपायुक्त ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर हाई अलर्ट जारी किया गया है।

*****************

राज्य में 30 मार्च से बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। धनबाद के सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि 14 से 15 वर्ष की बच्चियों को यह निःशुल्क सिंगल डोज टीका दिया जाएगा।

*****************

हावड़ा–दिल्ली ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड पर आज 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यात्री ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया। 120 साल पुराने इस ट्रैक पर ट्रेन ने कोडरमा स्टेशन को महज 18 सेकंड में पार कर इतिहास रचा।

*****************

राज्य में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम केंद्र रांची ने कल से 31 मार्च तक गरज–चमक के साथ बारिश और 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया है। रामनवमी जुलूस के दौरान भी मौसम खराब रहने की आशंका है। प्रशासन ने लोगों को वज्रपात से बचने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

*****************

रांची के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी। जेएससीए स्टेडियम दो बड़े अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई के अनुसार, 9 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी–20 मैच खेला जाएगा। वहीं, फरवरी 2027 में भारत–ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच का आयोजन भी रांची में होगा।

*******समाप्त********